an>

Title: Need to construct ROB on level crossings on NH 76 & 86 in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -laid.

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): वर्तमान सरकार के प्रयासों से एन.एच. निर्माण का कार्य पूरे देश में तेज गति से चल रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (उ0प्र0) से दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग एन. एच.-76 एवं एन.एच.-86 गुजरते हैं और इन राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे प्रमुख नगर स्थित हैं । रेलमार्ग भी इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगरों यथा-महोबा, सूपा, किराड़ी और हरपालपुर इत्यादि से होकर गुजरते हैं । ये सड़क मार्ग और रेलमार्ग ही आवागमन हेतु मुख्य संपर्क मार्ग हैं । आवागमन हेतु संपर्क मार्गों की कमी के कारण इस राजमार्गों पर स्थानीय ट्रैफिक का दबाव भी काफी अधिक है और यह समस्या रेलवे लाइन क्रासिंग के कारण और भी गंभीर हो जाती है । कई घंटों का लंबा जम लग जाता है और सबसे अधिक समस्या इस जाम में फंस जाने वाले एम्बुलेंस को होती है । जाम में फंस जाने के कारण मरीजों की मौत रास्ते में ही हो जाती है । इसके अतिरिक्त यात्रियों को यात्रा में असुविधा होती है तथा बहुमूल्य समय, ईंधन एवं धन हानि भी होती है । यदि प्रमुख रेलवे क्रासिंग पर आर.ओ.बी बन जाये तो जाम की समस्या में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है ।

पूर्व में पत्राचार और व्यक्तिगत भेंट के माध्यम से माननीय मंत्री जी से इस अति महत्वपूर्ण विषय पर अनुरोध किया है । आज पुनः आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है । कि मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (उ0प्र0) के अंतर्गत एन.एच.-76 स्थित सूपा, किराड़ी, हरपालपुर एवं एनएच-86 पर स्थित महोबा रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाये जिससे इस क्षेत्र में गंभीर ट्रैफिक जाम में कमी की जा सके ।